गणतंत्र दिवस समारोह-2022 के दौरान पुरस्कार प्राप्त करने वाले एन.सी.सी. कैडेटों की सूची

1) **सीनियर अंडर ऑफिसर अमित कुमार राय:** हर एक एनसीसी कैडेट का सपना होता है राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनना। हमारे लिए बेहद हर्ष की बात है कि उदय प्रताप महाविद्यालय के इस छात्र ने इस सर्वोच्च मुकाम को हासिल किया है, और आज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल है। इतना ही नहीं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित रक्षा मंत्री पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान सफलतापूर्वक मंच संचालन कर महाविद्यालय एवं राजर्षि परिवार का मान बढ़ाया है। राजर्षि परिवार इनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता है।

2) **अंडर ऑफिसर शिवम कुमार तिवारी:** उदय प्रताप महाविद्यालय की प्रथम कंपनी के 154 कैडेटों की कमान इनके हाथ में है। इन्होंने प्रतिष्ठित सैन्य प्रशिक्षण अकादमी के साथ-साथ आईजीसी कैंप में भी प्रतिभाग किया है। इनको भी महाविद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

3) **अंडर ऑफिसर सत्यम सिंह:** उदय प्रताप महाविद्यालय की प्रथम कंपनी के द्वितीय वर्ष के के 51 कैडेटों की कमान इनके हाथ में है। और वाराणसी एनसीसी ग्रुप मुख्यालय ग्रुप बी की तरफ से इनका चयन यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत एनसीसी की ओर से विदेश भ्रमण के लिए किया गया है।

4) **अंडर ऑफिसर भैरव सिंह:** उदय प्रताप महाविद्यालय की प्रथम कंपनी के प्रथम वर्ष के 51 कैडेटों की कमान इनके हाथ में है। इनका भी चयन यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत एनसीसी की ओर से विदेश भ्रमण के लिए किया गया है।

5) **सार्जेंट अक्षत प्रताप सिंह:** कई बार जब घर के सीनियर लोग किसी बड़े प्रयोजन से घर के बाहर होते हैं तो उस वक्त घर की जिम्मेदारी उठाना भी बहुत अहम हो जाता है। इनसे पहले पुरस्कार प्राप्त करने वाले सीनियर कैडेट जब विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए महाविद्यालय से बाहर रहते थे उस समय महाविद्यालय की नियमित परेड की कमान संभाल कर इन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। महाविद्यालय परिवार इनको इसके लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता है

6) **सीनियर अंडर ऑफिसर सौंदर्या त्रिपाठी:** महाविद्यालय की छठी कंपनी की 107 कैडेटों की कमान इनके हाथ में है इनके सफल नेतृत्व में ही 100 बटालियन के 21 कैडेटों की एक टुकड़ी ने नामची सिक्किम की पहाड़ियों में सफलतापूर्वक ट्रैकिंग कैंप में प्रतिभाग किया है। इनको

पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश एन.सी.सी. निदेशालय द्वारा वाराणसी ग्रुप बी की द्वितीय बेस्ट कैडेट के रूप में चुना गया था। साथ की इनको डायरेक्टिर जनरल एनसीसी द्रवारा भी सम्मानित किया है । इनको महाविद्यालय की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं।

7) **अंडर ऑफिसर रूपांजलि सिंह:** उदय प्रताप महाविद्यालय की छठी कंपनी के द्वितीय वर्ष के 46 कैडेतों की कमान इनके हाँथ में है। इन्होने आईजीसी कैंप में भी प्रतिभाग किया है । इनको महाविद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई।

8) **अंडर ऑफिसर महिमा सिंह:** प्रथम वर्ष के 31 कैडेट्स की कमान इनके हाँथ मे है। इन्होने महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान पायलट के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। इनको भी महाविद्यालय की तरफ से हार्दिक सुभकामनाएं।

9) **जूनियर अंडर ऑफिसर जाग्रति राय:** इन्होने 100 बटालियन के 21 कैडेट्स की एक टुकड़ी में नामची सिक्किम की पहाड़ियों में सहायक ऑफिसर के रूप में प्रतिभाग किया है। इनको भी महाविद्यालय की तरफ से हार्दिक बधाई।

10) **जूनियर अंडर ऑफिसर स्नेहा सेन जायसवार:** इन्होने ने कैडर कैंप के दौरान सहायक ऑफिसर के रूप में सीनियर्स की अनुपस्थिति में विशेष योगदान दिया है। इनको भी महाविद्यालय की तरफ से हार्दिक बधाई।

11) **कैडेट अनीशा सिंह:** इन्होने अंडर ऑफिसर महिमा सिंह के साथ मिलकर महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान पायलट के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है । इनको भी महाविद्यालय की तरफ् से हार्दिके सुभकामनाये।

12) **सीनियर अंडर ऑफिसर अमित कनौजिया:** उदय प्रताप इंटर कॉलेज की थर्ड कंपनी के 154 कैडेटों की कमान इनके हाथ में है । पूरे सत्र समय बाध्यता को ध्यान में रखते हुए हमेशा से यह परेड में उपस्थित रहे हैं, और विभिन्न कैंपों में परेड का सफल नेतृत्व किया है। राजर्षि परिवार इनको इसके लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता है ।

13) **अंडर ऑफिसर अनिरुद्ध कुमार:** उदय प्रताप इंटर कॉलेज की थर्ड कंपनी के प्रथम वर्ष के 51 कैडेटों की कमान इनके हाथ में है। कैंप के दौरान इन्होंने अपनी टुकड़ी का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है ।

14) **अंडर ऑफिसर विवेक कुमार सिंह:** उदय प्रताप इंटर कॉलेज की थर्ड कंपनी के द्वितीय वर्ष के 51 कैडेटों की कमान इनके हाथ में इन्होंने भी अपनी टुकड़ी का सफल नेतृत्व किया है ।

15) **सार्जेंट युवराज सिंह एवं सार्जेंट आदित्य शर्मा:** सीनियर की अनुपस्थिति में परेड की कमान उनके हाथों में रहती है, जिसको इन्होंने बेहद जिम्मेदारी पूर्ण तरीके से पूरे सत्र के दौरान निभाया है।